# गैस सिलिंडर के लिए सड़क पर जनता, हाइवे जाम

## एक महीने से परेशानी झेल रहे लोगों की गुस्सा सातवें आसमान पर

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** नगर क्षेत्र में रसोई गैस सिलेंडर की लगातार हो रही किल्लत अब लोगों के लिए परेशानी का सबब बनती जा रही है। शुक्रवार को आईएसबीटी के पास स्थानीय लोगों ने सिलेंडर नहीं मिलने से नाराज होकर हाईवे जाम कर दिया। इससे कुछ देर के लिए यातायात व्यवस्था प्रभावित रही। क्षेत्र में पिछले करीब एक माह से गैस वितरण वाहन नियमित रूप से नहीं पहुंच रहा था। शुक्रवार को वाहन आने की सूचना पर सुबह से ही बड़ी संख्या में लोग सिलेंडर लेने के लिए एकत्र हो गए, लेकिन घंटों इंतजार के बावजूद वाहन नहीं पहुंचा। इससे नाराज लोगों ने सड़क पर खाली सिलेंडर रखकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची



और लोगों को समझाकर जाम खुलवाया। पुलिस ने लोगों से अपील की कि इस तरह सड़क बाधित करने से आम जनता को परेशानी होती है। समझाने के बाद लोगों ने जाम हटा लिया, लेकिन उनका आक्रोश बना रहा। बाद में एसडीएम सदर संजय कुमार और गैस एजेंसी प्रबंधक मुक.श जलाल मौके पर पहुंचे और लोगों की समस्याएं सुनीं। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि शनिवार सुबह क्षेत्र में गैस वाहन भेजा जाएगा और जिन उपभोक्ताओं की बुकिंग है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर सिलेंडर वितरित किए जाएंगे। इसके बाद ही लोगों का गुस्सा शांत हुआ।

### घरेलू कामकाज हो रहे प्रभावित

आईएसबीटी के आसपास रहने वाले लोगों ने बताया कि पिछले एक महीने से गैस सिलेंडर की नियमित आपूर्ति नहीं हो रही है। कई बार एजेंसी से संपर्क करने के बावजूद कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिला। शुक्रवार को वाहन आने की सूचना मिलने पर लोगों को उम्मीद थी कि समस्या का समाधान होगा, लेकिन वाहन नहीं पहुंचने से उनका गुस्सा फूट पड़ा। कई परिवारों के घरों में गैस खत्म हो चुकी है, जिससे खाना बनाने में भारी दिक्कत हो रही है। कुछ लोग लकड़ी या अन्य वैकल्पिक साधनों का सहारा लेने को मजबूर हैं, जिससे समय और खर्च दोनों बढ़ रहे हैं।

### नियमित आपूर्ति करने के निर्देश

स्थिति बिगड़ने की सूचना मिलने पर प्रशासन और गैस एजेंसी के अधिकारी मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाया। उपभोक्ताओं की समस्या को गंभीरता से लेते हुए मौके पर ही गैस लेने आए लोगों के नाम और उनके डीएसी नंबर दर्ज किए गए, ताकि अगले दिन वितरण के दौरान उन्हें प्राथमिकता दी जा सके। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि अब नियमित रूप से गैस आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी और ऐसी स्थिति दोबारा न बने, इसके लिए एजेंसी को सख्त निर्देश दिए गए हैं।

## फांसी लगाकर महिला ने जान दी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** पति-पत्नी के आपसी विवाद में पत्नी ने कमरे अंदर फंदे से लटकर जीवन लीला समाप्त की। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला अस्पताल ले गई। प्राप्त जानकारी के



अनुसार पगना निवासी हाल (तहसील रोड) 28 वर्षीय चम्पा देवी पत्नी आनंद सिंह मेहता ने गुरुवार की रात किराए के कमरे में फंदा लगाकर आत्म हत्या कर ली। घटना की जानकारी महिला के 7 वर्षीय बेटी अर्पिता ने आस-पास के लोगों को घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुंचे लोगों ने महिला को पंखे के कुंडे से लटका पाया। उन्होंने पुलिस को घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को ंदे से उतार, शव कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला अस्पताल भेजा। बताया जा रहा है कि मृतक चम्पा व पति आनंद सिंह के बीच लगातार लड़ाई झगड़ा होता था। बीते दिवस भी दोनों के बीच किसी बात को लेकर लड़ाई हुई थी। जिसके बाद महिला ने आत्मघाती कदम उठाया। जिला अस्पताल में पहुंचे मृतक की सास कमला देवी ने बताया कि चम्पा की पहले काफलीगैर तहसील के बुहाला ग्राम सभा बहादुरगढ़ में शादी हुई थी। जो वर्ष 2016 में पहले पति को छोड़कर उनके बेटे आनंद सिंह के साथ शादी रचाकर उनके गांव पगना पहुंच गई। शादी के कुछ समय गांव में रहने के बाद चंपा जिला मुख्यालय में किराए पर अपने पति के साथ रहने लगी। शादी के एक साल बाद दोनों की एक बेटी हुई। उन्होंने बताया कि दोनों के बीच आए दिन अनबन रहती थी। हालांकि घटना के बाद परिजन सदमे में है। इधर पुलिस ने बताया कि वे घटना के कारणों का पता लगा रहा है। घटना के बाद से मृतका के पति आनंद सिंह अपने कमरे में नहीं आया। जो जिला मुख्यालय में ही मैकेनिक है।

## एक नजर

### अल्मोड़ा में चार नई शराब दुकानें होंगी बंद

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** जिले में प्रस्तावित और हाल ही में खोली गई शराब की दुकानों को लेकर बढ़ते विरोध के बीच जिलाधिकारी अंशुल सिंह ने सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने चार स्थानों पर खोली गई मदिरा दुकानों को बंद करने के आदेश दिए हैं। कहा कि किसी भी स्थिति में जन भावनाओं की अनदेखी न की जाए। दरअसल, हर वर्ष की तरह इस बार भी जिले में नई शराब दुकानों को खोलने की प्रक्रिया चल रही थी, लेकिन इसके खिलाफ स्थानीय लोगों ने विरोध शुरू कर दिया। शराब नहीं, रोजगार और मूलभूत सुविधाएं दो जैसे नारों के साथ ग्रामीणों ने अपनी नाराजगी जताई। इस मुद्दे पर हाल ही में हुई एक जनसभा में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने भी सरकार की नीति पर सवाल उठाए थे। जिलाधिकारी के निर्देश पर सोमेश्वर क्षेत्र के दौलाघट, द्वाराहाट के तिपोला और खेड़ा में अंग्रेजी शराब की दुकानें तथा रानीखेत के पातली में देशी शराब की दुकान को बंद किया जाएगा। जिला. धिकारी ने संबंधित विभागों को आदेश का पालन सुनिश्चित करने और सभी औपचारिकताएं समयबद्ध तरीके से पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं।

### दुर्घटना जांच में पारदर्शिता, समयबद्धता पर जोर

**अल्मोड़ा।** सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण को लेकर जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को जिलाधिकारी अंशुल सिंह की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई। जिसमें संबंधित विभागों को प्रभावी दिशा-निर्देश दिए गए। जिला. धिकारी ने दुर्घटना संभावित स्थलों का चिन्हीकरण कर शीघ्र सुधारात्मक कार्यों के लिए आगणन तैयार करने के निर्देश दिए, ताकि समयबद्ध ढंग से कार्य पूर्ण किए जा सकें। उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं से संबंधित मजिस्ट्रियल जांचों में लंबित मामलों को तत्काल निस्तारित करने तथा पीड़ितों को मुआवजा राशि का पारदर्शी व समय पर भुगतान सुनिश्चित करने पर जोर दिया। इसके अलावा, अंधे मोड़ों पर विशेष सुधार कार्य करने और सड़क सुरक्षा के लिए स्मार्ट व नवाचारी उपाय अपनाने के निर्देश भी दिए गए। जिलाधिकारी ने पुलिस और परिवहन विभाग को संयुक्त रूप से नियमित चेकिंग अभियान चलाकर रैश ड्राइविंग, ट्रिपलिंग और बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में एसएसपी चंद्रशेखर आर घोड़के सहित अन्य मौजूद रहे।

### मांगों को लेकर गरजे डिप्लोमा इंजीनियर्स

**अल्मोड़ा।** विभिन्न विभागों के डिप्लोमा इंजीनियर्स का आंदोलन शुक्रवार को भी जारी रहा। 27 सूत्रीय मांगों को लेकर इंजीनियर्स ने शक्ति सदन में एकजुट होकर जोरदार प्रदर्शन किया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। लंबे समय से लंबित मांगों पर कार्रवाई न होने से कर्मचारियों में नारा. जगी बढ़ती जा रही है। विधायक मनोज तिवारी भी धरनास्थल पर पहुंचे और आंदोलन को अपना समर्थन दिया। उनके साथ कांग्रेस के कई पदा. धिकारी और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। विधायक ने कहा कि डिप्लोमा इंजीनियर्स की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए वह इसे सरकार के समक्ष मजबूती से उठाएंगे। आंदोलन में लोक निर्माण विभाग, सिंचाई, ग्रामीण निर्माण, आवास, कृषि, जिला पंचायत, उरेडा, शहरी विकास सहित कई विभागों के इंजीनियर्स शामिल रहे। 27 सूत्रीय मांगों के समाधान न होने पर उन्होंने आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी। धरने में जिलाध्यक्ष इं. जीएस मेहरा, मंडल सचिव इं. दीपक सिंह मटियाली, जिला सचिव इं. ललित मोहन शर्मा, इं. मनीष कुमार, इं. पुनीता रानी, इं. आलोक कुमार ओली, इं. कुंदन बिष्ट, इं. हिमांशु जोशी, इं. हितांशी नैलवाल, इं. जीवेश वर्मा, इं. विपिन चंद्र तिवारी, इं. रोहित नैलवाल, इं. प्रेमा पाटनी और इं. नेहा लटवाल सहित कई इंजीनियर्स शामिल रहे।

### मेले में श्री ठाकुर महासभा के प्याऊ का शुभारंभ

**काशीपुर।** ऐतिहासिक चैती मेला परिसर में पिछले 76 वर्षों से लगातार लगने वाली श्री ठाकुर महासभा की प्याऊ का उद्घाटन आज वृहस्पतिवार को श्री चैती मेला परिसर में कुमारी आराध्या पुत्री राजेश सिंह एवं कुमारी रम्या ठाकुर पुत्री वैभव सिंह द्वारा विधिवत किया गया। प्याऊ में दूर दराज से आने वाले लोगों के लिये रुकने एवं पानी पीने की निशुल्क व्यवस्था की गई है। उद्घाटन अवसर पर वीर सिंह, कल्पना सिंह, भूपेन्द्र सिंह, रेनू ठाकुर, राजेश सिंह, राजीव कुमार, वैभव सिंह, केशव सिंह व राम मोहन समेत समाज के तमाम व्यक्ति उपस्थित थे।

### ई-रिक्शाओं के कारण नगर में लग रहा भारी जाम

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** नगर में यातायात का बढ़ता दवाब और ई-रिक्शा-टेंपो चालकों की मनमानी आम जनता साथ ही पुलिस के लिए सिरदर्द बनती जा रही है। पुलिस- शासन के तय किए नियमों को ताक पर रखकर ई-रिक्शा और टेंपो चालक निर्धारित रूटों के बजाय मनमाने रास्तों पर दौड़ रहे हैं। मेन बाजार, रतन सिनेमा रोड पर इन रिक्शाओं से लगातार जाम बना रहता है। प्रशासन की सख्ती के बाद भी व्यवस्था में सुधार नहीं हो रहा है जिससे यातायात व्यवस्था चरमरा गई है। काशीपुर के मुख्य चौराहे और मार्ग दिन-रात ई-रिक्शा और टेंपो से घिरे रहते हैं। रात में ई-रिक्शा चालक मनमाने रेट पर सवारी लेते हैं। रात के समय भारी वाहन शहर से गुजरते हैं तो गलत दिशा में चल रहे ई-रिक्शा के इनकी चपेट में आने का भय बना रहता है, जिससे ई-रिक्शा चालक के साथ-साथ उसमें बैठी सवारी को भी खतरा रहता है। पुलिस को अब इन मामलों को लेकर सख्ती करने की आवश्यकता है जिससे यातायात को कंट्रोल किया जा सके और हादसों में कमी आए।

## 65 वर्ष की आयु में जीता गोल्ड

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**शांतिपुरी।** चंडीगढ़ में आयोजित खेलो मास्टर्स नेशनल गेम्स में वरिष्ठ खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए यह साबित कर दिया कि खेल के



प्रति समर्पण उम्र का मोहताज नहीं होता। 22 से 25 मार्च 2026 तक चली इस प्रतियोगिता में देशभर से करीब 1500 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। ग्राम जवाहर नगर निवासी पूर्व सैनिक प्रेम सिंह देउपा ने 60 से 65 आयु वर्ग में हिस्सा लेते हुए 300 मीटर बाधा दौड़ और ऊंची कूद में स्वर्ण पदक जीते, जबकि 100 मीटर बाधा दौड़ में रजत पदक हासिल किया। इस सफलता ने न सिर्फ क्षेत्र का नाम रोशन किया है, बल्कि युवाओं और अन्य लोगों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बने हैं। स्थानीय लोगों और खेल प्रेमियों ने दोनों खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके जज्बे और मेहनत की सराहना की है।

# प्रदेश में साइबर अपराध बढ़े: तिवारी

## कांग्रेस विधायक मनोज तिवारी ने प्रदेश सरकार को घेरा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** कांग्रेस विधायक मनोज तिवारी ने प्रेस वार्ता कर राज्य सरकार पर कई गंभीर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि सरकार का '4 साल बेमिसाल' कार्यक्रम पूरी तरह किल साबित हुआ और जनता को इसका वास्तविक लाभ नहीं मिला। चौघानपाटा स्थित जिला पार्टी कार्यालय में शुक्रवार को विधायक तिवारी ने आरोप लगाया कि कार्यक्रमों में केवल स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को बुलाकर दिखावा किया गया, जबकि जमीनी स्तर पर समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी धन का दुरुपयोग



हो रहा है और आम जनता तक योजनाओं का लाभ नहीं पहुंच रहा है। उन्होंने विभिन्न विभागों में रिक्त पदों को शीघ्र भरने की मांग करते हुए कहा कि कर्मचारियों की कमी से व्यवस्था चरमरा गई है। उन्होंने सरकार पर आंकड़ों में हेरा-फेरी करने का भी आरोप लगाया और कहा कि प्रदेश में अपराध लगातार बढ़ रहे हैं। महिला अपराधों में वृद्धि, बच्चों के लापता होने की घटनाएं तथा साइबर क्राइम के मामलों में तेजी चिंताजनक है। कहा कि भाजपा नेता महिला अपराधों में संलिप्त हैं और अपराधियों को संरक्षण दिया जा रहा है। तिवारी ने शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाल स्थिति पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में शिक्षकों की भारी कमी है, वहीं अस्पतालों में विशेषज्ञ चिकित्सकों का अभाव बना हुआ है। इसके अलावा एलपीजी सिलेंडर की कमी से पर्यटन व्यवसाय प्रभावित हो रहा है और काला बाजारी पर रोक नहीं लग पा रही है। यहां जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह भोज, राधा बिष्ट, राजेंद्र बाराकोटी, प्रकाश चंद्र जोशी, तारा चंद्र जोशी, दीपक कुमार, पूरन रौतेला, पारितोष जोशी, संजू सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बाइक चोरी, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** घर के आगे खड़ी बाइक को अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया। मौहल्ला रम्पुरा शान्तिनगर निवासी अर्जुन सिंह पुत्र स्व. विजेन्द्र सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी बाइक हीरो स्पैलण्डर प्लस संख्या यूके-18 5168 विगत 23 मार्च 2026 की रात 8 बजे घर के बाहर खड़ी की थी। 24 मार्च को प्रात: 5 बजे जब सुबह उठकर देखा तो बाईक नहीं थी। पुलिस ने तहरीर के अनुसार अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर बाइक चोरों की तलाश कर दी है।

## गैस के लिए व्यापारियों का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** जिले में घरेलू व व्यवसायिक सिलेंडरों की आपूर्ति सुचारू रूप से न होने पर व्यापार मंडल ने नाराजगी जाहिर की। उन्होंने डीएम कार्यालय पहुंचकर रोष व्यक्त किया। प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल बागेश्वर के जिलाध्यक्ष



बबलू नेगी के नेतृत्व में जिले के एक दर्जन व्यापारी डीएम कार्यालय पहुंचे। यहां व्यापारियों ने कहा कि जिले में घरेलू एवं व्यवसायिक गैस सिलेंडर उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं। जिसके कारण होटल व्यवसाय पर बुरा असर पड़ने लगा है। कहा कि जिले के कई होटल बंद हो गए है, कई होटल बंद होने की कगार पर पहुंच गए है। जिसके चलते व्यापारियों के जीवन पर आर्थिक संकट पैदा हो गया है। उन्होंने शीघ्र व्यापारियों के समस्या का समाधान करने की मांग की। इस आश्रय का उन्होंने जिलाधिकारी को ज्ञापन भी सौंपा। जिले में देश विदेश से पर्यटक पहुंच रहे है, कौसानी, बैजनाथ, बागेश्वर, पिंडारी आदि क्षेत्रों में व्यापारी उन्हें खाना खिलाने की स्थिति में नहीं है। जबकि गैस की दिक्कत के चलते उनके पास दूसरा कोई विकल्प शासन प्रशासन द्वारा नहीं दिया गया है। वे लकड़ी लेने जंगल जाते है तो वन विभाग इनका चालान काट रहा है। ऐसे में व्यापारियों के पर आर्थिक एवं रोजगार का संकट खड़ा हो गया है।

# पार्किंग समस्या के निदान की मांग

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**कालाढूंगी।** नगर प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी से मुलाकात कर कॉम्प्लेक्स के दुकानदारों के लिए पार्किंग व्यवस्था उपलब्ध कराने की मांग उठाई। शुक्रवार को व्यापार मंडल अध्यक्ष राकेश गोयल के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने अधिशासी अधिकारी अभिनव कुमार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में व्यापारियों ने बताया कि हाल ही में नगर पालिका और वाल्मीकि समाज के बीच हुए विवाद का असर कॉम्प्लेक्स के दुकानदारों पर पड़ा है। पहले नगर परिसर के सामने मंदिर से सटे खाली स्थान का उपयोग दुक. ानदार पार्किंग के रूप में करते थे, लेकिन विवाद के बाद उस स्थान के उपयोग पर रोक लग गई है।



व्यापारियों के अनुसार, वाल्मीकि समाज द्वारा मुक्ति स्थल को अपने संरक्षण में लेने की मांग को लेकर धरना-प्रदर्शन किया गया था। इसके बाद प्रशासन द्वारा मंदिर को पीछे स्थानांतरित करने का प्रस्ताव स्वीकार किया गया। इस पूरे घटनाक्रम के चलते दुकानदारों को अब अपने वाहनों को खड़ा करने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। व्यापार मंडल ने प्रशासन से जल्द समाधान निकालने और दुक. ानदारों के लिए वैकल्पिक पार्किंग स्थल उपलब्ध कराने की मांग की है। इस दौरान मतलूब इलाही, शंकर पांडे, नवीन चंद्र, भास्कर चंद्र, जगद. ीश पांडे, सुरेश चंद शर्मा, विमला देवी समेत कई व्यापारी मौजूद रहे।

# इलैक्ट्रो होम्योपैथिक कैम्प का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** चैती मेले मे इलैक्ट्रो होम्योपैथी के 41वें नि:शुल्क डे व नाईट चिकित्सा कैम्प का विधिवत शुभारंभ मेयर दीपक बाली द्वारा किया गया। यह कैम्प 11 अप्रैल तक चलेगा। विशिष्ठ अतिथि मुख्य पंडा विकास कुमार अग्निहोत्री व पंडा मनोज कुमार अग्निहोत्री ने मेले इस कैम्प को शुरू करने के लिये स्व. डॉ.



जेपी वशिष्ठ के योगदान का सराहते हुये कैम्प में आने वाले श्रृद्धालुओं की सेवा को ईश्वर की सेवा बताते हुये आयोजकों को आभाार व्यक्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. सुरेश राजपूत ने जबकि संच.ालन डॉ. जफर सैफी ने किया। इस अवसर पर डॉ. ज्ञान सिंह सैनी, डॉ. आरके विश्नोइ, डॉ. जैड रहमान, डॉ. आरपी सिंह सैनी, डॉ. नावेद जाफरी, डॉ. राहत अली, डॉ. नासिर चौधरी, डॉ. शमशाद अली, डॉ. अनिल शर्मा, डॉ. वैभव शर्मा, डॉ. गौरव वशिष्ठ, डॉ. युनुस सैफी, डॉ. नंदकिशोर सागर, डॉ. बुरहान, डॉ. सुदंर सिंह, डॉ. सतीश अरोरा, डॉ. चन्द्रपाल सिंह चौहान, रेखा देवी, कु. इंदु सैनी आदि मौजूद रहे।

**उत्तराखण्ड पावर कार्पोरेशन लिमिटेड**
कार्यालय अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खण्ड, बाजपुर
दूरभाष 05949-282200 कारपोरेट आई.डी. संख्या U40109UR2001SGC025867
Email : eddbazpur@gmail.com Website : www.upcl.org
उत्तराखण्ड पावर कार्पोरेशन लि०
पत्रांक 1619 वि.वि.ख.(बा.)/ **निविदा सूचना** दिनांक 27-03-2026
इस कार्यालय से प्रकाशित ई-निविदा संख्या 54,55/2025-26 जिसको ऑनलाइन एवं ऑफलाइन आवेदन एवं जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 30/03/2026 (11.00 बजे तक) तथा ई-निविदा के प्रथम भाग (तकनीकी) के ऑनलाईन एवं ऑफलाईन खुलने की तिथि एवं समय 30/03/2026 (15.00 बजे से) है। अपरिहार्य कारणों से विस्तारित की जाती है। ई-निविदा संख्या 54,55/2025-26 जिसको ऑनलाईन एवं ऑफलाईन आवेदन एवं जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 08/04/2026 (11.00 बजे तक) तथा ई-निविदा के प्रथम भाग (तकनीकी) के ऑनलाईन एवं ऑफलाईन खुलने की तिथि एवं समय एवं समय 08/04/2026 (15.00 बजे से) की जाती है।
अधिशासी अभियंता
उपरोक्त निविदाओं की पूर्व समस्त शर्त यथावत् रहेंगी। विद्युत वितरण खण्ड, बाजपुर
राष्ट्रहित में बिजली बचायें। | विद्युत समस्याओं हेतु Tolle Free No.1800-419-0405 पर सम्पर्क करें।
'Pay Electricity Bill Online 24x7 from www.upcl.org' 'विद्युत बिलों के 24x7 ऑनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जायें'

## श्री नंगली आश्रम में धूमधाम से मनाया रामनवमी महोत्सव

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** श्री विवेक प्रेम ट्रस्ट नंगली आश्रम सुभाष नगर काशीपुर में आज श्री राम नवमी के पावन अवसर पर आश्रम में सत्संग हुआ अपने प्रवचन में ट्रस्ट अध्यक्ष श्री स्वामी शुद्ध महेशानंद पुरी महाराज जी ने बताया कि हमें अपने जीवन को मर्यादापूर्षोतम प्रभु श्री राम जी के आदर्शो पर जीना चाहिए जैसे श्री राम जी ने पिता की आज्ञा मान कर 14 वर्षो का वनवास स्वीकार किया हम सब को भी अपने माता पिता की आज्ञा में चलकर जीवन गुजारना चाहिए। आज ही श्री अद्वैत मत के संस्थापक श्री श्री 1008 श्री स्वामी अद्वैतानंद परमहंस जी महाराज जी का पावन जन्मोत्सव मनाया गया। ट्रस्ट सचिव संत शुद्ध वैरागानंद रुचि बाई जी ने बताया कि यहां आश्रम में श्री राम लला का दरबार भी है।

# धामी सरकार ने देवभूमि का गौरव बढ़ाया

## भाजपा सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने पर प्रदेश महामंत्री कुंदन परिहार की प्रेसवार्ता

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री कुंदन परिहार ने भाजपा पार्टी कार्यालय में पार्टी के आगामी कार्यक्रमों को लेकर मीडिया से वार्ता की। साथ ही वार्ता में उन्होंने सीएम पुष्कर धामी के चार सालों में किए विकास कार्यों पर भी चर्चा की। पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में प्रदेश महामंत्री परिहार कहा कि श्याम प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर पार्टी अपना स्थापना दिवस मनाएगी। क्रम को भव्य बनाए जाने के लिए कार्यकर्ता 5 अप्रैल से 7 अप्रैल तक सभी पार्टी के कार्यालयों में साफ सफाई एवं पार्टी का झंडा रोहण करेंगे। 8 और 9 अप्रैल को पार्टी प्रत्येक जिले के पार्टी कार्यालय में जिले के प्रबुद्ध जनों के साथ मंथन




बैठक होगी।

गांव चलो अभियान के तहत बड़ी विधान सभा के 50 गांव व छोटी विधान सभा के 10 गांव में कार्यकर्ता जाकर पार्टी की नीति से लोगों को अवगत कराएंगे। 14 अप्रैल को सामा. जिक न्याय के पुरोधा समानता की प्रतीक डा. भीमराव अंबेडकर प्रतिमा परिसर में कार्यकर्ता सफाई एवं सायं दीपोत्सव करेंगे, 14 अप्रैल को ही भीमराव जी के व्यक्तित्व कृतित्व पर चर्चा होगी। जिसके तहत बस्ती एवं छात्रावासों पर विशेष संपर्क अभियान किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि आज राज्य में सीएम पुष्कर धामी के दूसरे कार्यकाल के चार साल पूर्ण हो चुके हैं। इन चार वर्षों में सीएम धामी ने कई ऐतिहा. सिक निर्णय लेकर राज्य का पूरे देश में गौरव बढ़ाया है। जिसमें मुख्य रूप से राज्य में यूसीसी लागू करना, नकल विरोधी कानून बनाना, भी कानून लागू करना सहित कई ऐतिहासिक कदम उठाए है। महामंत्री कुंदन ने कहा कि सरकार के दूरगामी विकास कार्यों को देखते हुए आने वाले वर्ष 2027 में विधान सभा चुनावों में एक बार फिर पार्टी जनमत हासिल करने में सफल होगी। इस मौके पर विधायक बागेश्वर पार्वती दास, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दीपा आर्या, जिला महामंत्री संजय परिहार, युवा मोर्चा अध्यक्ष आदर्श कठायत, विधायक प्रतिनिधि भास्कर दास, जिला मीडिया प्रकाश शाह, नगर मंडल अध्यक्ष विवेक तिवाड़ी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

# कैंचीधाम में अनियमितताओं की डीएम से शिकायत

## भक्तजनों से हो रही धोखाधड़ी के मामलों पर कार्यवाही की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** समाजसेवी विशाल वर्मा और पूर्व पार्षद प्रत्याशी अंजलि वर्मा ने जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल से मुलाकात की और एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें उन्होंने कैंची धाम में हो रही कई अनियमितताओं और भक्तजनों से हो रही धोखाधड़ी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। समाजसेवी विशाल वर्मा ने ज्ञापन में कहा कि कैंची धाम ट्रस्ट द्वारा करोड़ों रुपये के दान से धर्मशाला निर्माण और भंडारा व्यवस्था की जा रही है, लेकिन दान के पैसे का सही इस्तेमाल नहीं हो रहा।



उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं से प्रति दिन 4 से 5 हजार रुपये लिए जा रहे हैं, और खाने-पीने के नाम पर दोगुने पैसे वसूले जा रहे हैं। इसके बावजूद, दान के करोड़ों रुपये के बावजूद भक्तों से खुलेआम लूट की जा रही है। वर्मा ने कैंची धाम के आस-पास के दुकानदारों पर भी गंभीर आरोप लगाए, जिनके द्वारा रात के समय 1 किलोमीटर के दायरे में मांस और शराब परोसी जाती है, जो कैंची धाम के पवित्र स्थान के लिए एक शर्मनाक मामला है। उन्होंने इस पर तत्काल प्रतिबंध लगाने की मांग की। साथ ही, शिप्रा नदी के पास स्थित होटल और रेस्टोरेंटों द्वारा सीवर डालने की भी शिकायत की और कठोर कार्रवाई की अपील की। पूर्व पार्षद प्रत्याशी अंजलि वर्मा ने भी ज्ञापन में कैंची धाम में हो रहे मनमाने दामों और अवैध निर्माण कार्यों की ओर ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने कहा कि कैंची धाम में होटल, प्रसाद, मूर्तियां, कंबल और खाने-पीने की चीजों के दाम बहुत ज्यादा वसूले जा रहे हैं, जिस पर तुरंत रोक लगनी चाहिए। इसके अलावा, धाम में अवैध रूप से होटल निर्माण कार्य हो रहे हैं, जिनकी एनओसी नहीं है। उन्होंने जिलाधिक. ारी से इन निर्माण कार्यों की जांच कर कड़ी कार्रवाई की अपील की। अंजलि वर्मा ने यह भी कहा कि बाबा नीम करौली महाराज जी के वीवीआईपी दर्शन के दौरान श्रद्धालुओं और भक्तजनों के साथ भेदभाव और दुर्व्यवहार किया जा रहा है, जो कि निंदनीय है।

## प्राकृतिक खेती पर क्षेत्रीय कार्यशाला आज

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**पंतनगर।** पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय में प्रसार शिक्षा निद. ेशालय एवं राष्ट्रीय जैविक खेती एवं प्राकृतिक खेती केन्द्र, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, गाजियाबाद के संयुक्त तत्वावधान में एक-दिवसीय क्षेत्रीय वृहत प्राकृतिक खेती परामर्श-सह-कार्यशाला का आयोजन विश्व. विद्यालय गांधी हाल में 28 मार्च, 2026 को प्रात: 11 बजे से किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर (डा.) मनमोहन सिंह चौहान कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। किसानों के हित में विभिन्न प्रतिष्ठित प्रतिष्ठानों से विशेषज्ञ प्रतिभाग कर रहे हैं। इस कार्यशाला में उत्तराखण्ड राज्य के विभिन्न जनपदों से लगभग 800 कृषक सहभाग करेंगे। कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरण समारोह के साथ होगा।

# श्री चित्रगुप्त कन्यादान एवं सामूहिक विवाह प्रोत्साहन योजना का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** श्री कायस्थ सभा काशीपुर ने 'श्री चित्रगुप्त कन्यादान एवं सामूहिक विवाह प्रोत्साहन योजना' का विधिवत शुभारंभ कर समाज सेवा और सहयोग की ओर कदम बढ़ाया है। श्री चामुंडा देवी मंदिर के समीप स्थित श्री कायस्थ सभा भवन में पत्रकार वार्ता आयोजित कर श्री कायस्थ सभा के अध्यक्ष अभिताभ सक्सेना एडवोकेट ने उक्त योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि यह योजना विशेष रूप से आर्थिक रूप से असक्षम परिवारों की कन्याओं के विवाह में सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू की गई है। संस्था का उद्देश्य केवल आर्थिक मदद देना नहीं, बल्कि समाज में सहयोग, संवे. दनशीलता और सामूहिक जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करना भी है।



योजना के तहत श्री कायस्थ सभा से जुड़े आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की कन्याओं के विवाह के लिए सभा भवन नि:शुल्क उपलब्ध कराया जाएगा और 5100 रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। वहीं, अन्य जरूरतमंद परिवारों को सभा भवन शुल्क में 50 प्रतिशत की छूट के साथ 5100 रुपये की सहायता प्रदान की जाएगी, बशर्ते विवाह सभा भवन में ही संपन्न हो। संस्था सचिव राजेश कुमार सक्सेना ने बताया कि योजना में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए 7 सदस्यीय जांच समिति गठित की जाएगी, जो आवेदनों का स्थल निरीक्षण कर अपनी रिपोर्ट कार्यकारिणी को सौंपेगी। प्रारंभिक चरण में वर्ष में अधिकतम 10 कन्याओं को योजना का लाभ दिया जाएगा। इस दौरान अशोक सक्सेना, मुकेश सक्सेना, कामिनी श्रीवास्तव, अनूप सक्सेना समेत तमाम कायस्थ बंधु उपस्थित थे।

# ट्रांजिट कैंप में फटा गैस सिलेंडर, चार युवक झुलसे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में गुरुवार को खाना बनाने के दौरान एक गैस सिलेंडर फट गया। साथ ही तीन अन्य सिलेंडरों में आग भी लग गई। इससे क्षेत्र के लोगों में अफरातफरी मच गई। हादसे में चार युवक गंभीर रूप से झुलस गए। उन्हें तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद परिजन उन्हें निजी अस्पताल ले गए।

मिली जानकारी के अनुसार ट्रांजिट कैंप थाना क्षेत्र के चामुंडा मंदिर, शिव नगर में किराए के मकान में रह रहे कुमार सेन, अंकित कुमार, सत्यवीर सिंह और सुमित कुमार एक साथ खाना बना रहे थे। इसी दौरान अचानक गैस सिलेंडर में तेज धमाका हुआ और आग तेजी से पूरे कमरे में फैल गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, पहले एक सिलेंडर फटा, जिसके बाद कमरे में रखे दो बड़े और एक छोटे सिलेंडर में भी आग लग गई। धमाके की तीव्रता इतनी अधिक थी कि कमरे की दीवार तक क्षतिग्रस्त हो गई और पूरे इलाके में अफरातफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। स्थानीय लोगों का कहना है कि घनी आबादी के बीच यह बड़ा हादसा हो सकता था। ट्रांजिट कैंप थाना प्रभारी मोहन पांडे ने बताया कि चारों झुलसे युवकों को अस्पताल पहुंचाया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

# लाखों की स्मैक के साथ दो तस्कर दबोचे

- काशीपुर रोड पर कार में ग्राहक का इंतजार कर रहे थे तस्कर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** ऊधम सिंह नगर पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक बड़ी सफलता हासिल की है। कोतवाली पुलिस और एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स की संयुक्त टीम ने काशीपुर रोड पर घेरा. बंदी कर दो शातिर नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 104.65 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की गई है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लाखों में आंकी जा रही है।



पुलिस के अनुसार, उपनिरीक्षक जितेन्द्र सिंह खत्री और उपनिरीक्षक दीपक बहुगुणा के नेतृत्व में पुलिस टीम 26 मार्च को क्षेत्र में चेकिंग अभियान पर थी। इसी दौरान दानपुर से आगे बाबा संदीप सिंह चीमा द्वार के पास सर्विस रोड पर एक सफेद रंग की आर्टिगा कार संख्या यूके 04 एबी 1193 संदिग्ध अवस्था में खड़ी दिखाई दी। पुलिस टीम ने जब कार को घेरकर तलाशी लेने का प्रयास किया, तो उसमें सवार दो युवकों ने भागने की कोशिश की, जिन्हें आवश्यक बल प्रयोग कर मौके पर ही दबोच लिया गया।

पकड़े गए आरोपियों की पहचान अमरजीत और सुखदेव सिंह के रूप में हुई है, जो गदरपुर के खुशालपुर क्षेत्र के निवासी हैं। पुलिस ने जब कार के डैशबोर्ड और हैंडरेस्ट की तलाशी ली, तो वहां मोबाइल चार्जर के पास एक पारदर्शी पन्नी में भूरे रंग का पाउडर बरामद हुआ। डीडी किट से परीक्षण करने पर इसके स्मैक (हेरोइन) होने की पुष्टि हुई। पूछताछ में आरोपियों ने कबूल किया कि वे पहले भी स्मैक तस्करी के मामले में जेल जा चुके हैं और बरामद माल को किसी अनजान व्यक्ति को बेचने के लिए यहां आए थे। कार की तलाशी के दौरान डैशबोर्ड से सुखदेव सिंह के नाम का आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस और वाहन की आरसी बरामद हुई। इसके अलावा अभियुक्तों के पास से तीन मोबाइल फोन (सैमसंग अल्ट्रा 23, आईफोन 13 और ओप्पो) और 1100 रुपये की नकदी भी बरामद की गई है। पुलिस ने स्मैक के साथ ही तस्करी में प्रयुक्त आर्टिगा कार को भी अपने कब्जे में ले लिया है।

टीम में उपनिरीक्षक जितेन्द्र सिंह खत्री, उपनिरीक्षक दीपक बहुगुणा, हेड कांस्टेबल भुवन पांडे, कांस्टेबल विनोद खत्री, महेश पंचपाल और होमगार्ड कृपाल सिंह यादव शामिल रहे।

# उत्तराखंड गठन के आधार पर जारी हो जाति प्रमाण पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** एडवोकेट एवं भाजपा अनुसूचित मोर्चा मंडल अध्यक्ष सूरज सागर नें उप जिला अधिकारी डा. अमृता शर्मा के माध्यम से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को पत्र भेजकर अनुस. ूचित जाति प्रमाण पत्र राज्य गठन के आधार पर जारी करने, अनुसूचित जाति की पुत्रीयों के विवाह में मिलने वाली अनुदान राशि को पांच लाख करने, समस्त उत्तराखंड में विशेष अभियान चलाकर अनुसूचित जाति के रिक्त पदों को भरने, अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों के लिए प्रत्येक तहसील व ब्लॉक स्तर पर दो हजार सरकारी आवास बनाकर दे और बिजली और पानी शुल्क रहित दिए जाने और प्रदेश के समस्त विभागों में संविदा व आउटसोर्सिंग में आरक्षण व्यवस्था को पूर्ण रूप से लागू करने की मांग की है।



## एक नजर

### नवनियुक्त कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा का हुआ जोरदार स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** भाजपा के नवनियुक्त कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा देहरादून से अपने निवास जाते समय भाजपा जिला उपाध्यक्ष विनीत कुमार चौहान के आवास पर पहुंचे जहां भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। स्वागत करने वालों में भाजपा उपाध्यक्ष विनीत कुमार चौहान, युवा मोर्चा के प्रशीश बिश्नोई, मंडल अध्यक्ष मनप्रीत लाडी, वरिष्ठ भाजपा नेता डा. एमपी सिंह, डा. मंजीत सिंह, शीतल जोशी, मंडलअध्यक्ष शरीफ खान, मंडल उपाध्यक्ष राजेंद्र चौहान, भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉक्टर यूनुस चौधरी समेत सर्जनों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### भाजपा राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) ने जिलाध्यक्ष के घर पहुंच माता के निधन पर व्यक्त किया शोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** भाजपा राष्ट्रीय महासचिव (संगठन)अजय कुमार ने जिला अध्यक्ष मनोज पाल की माता के आकस्मिक निधन पर उनके ग्रह नगर पंचायत महुआ डाबरा पहुंच कर शोक व्यक्त कर दिवगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की।



ज्ञात हो कि कुछ दिन पुर्व भाजपा के यशस्वी जिलाध्यक्ष मनोज पाल की माता स्वर्गीय लीलावती का आकस्मित निधन हो गया था, तब से उनके घर पर जनप्रतिनिधियों व क्षेत्रीय नेताओं का आना जाना लगा हुआ है। इसी क्रम में भाजपा राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) अजय कुमार, कैबिनेट मंत्री राम सिंह केड़ा, जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्या, विधायक व पूर्व कैबिनेट मंत्री बंशीधर भगत, पूर्व विधायक डा. शैलेंद्र मोहन सिंघल, भाजपा के अल्पसंख्यक मोर्चे के जिलाध्यक्ष रिजवान अली, जिला महामंत्री साबिर अली, जिला संगठन मंत्री अली जान, भाजपा उपाध्यक्ष विनीत चौहान, युवा भाजपा नेता प्रशीश विश्नोई, महुआ डाबरा मंडल अध्यक्ष, मनप्रीत लाडी, वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेंद्र सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेत्री सीमा चौहान, किसान मोर्चे के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और दर्जनों की संख्या में भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने माता की निधन पर उनके निवास स्थान महुआ डाबरा में पहुंचकर शोक जताया और दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### महापौर विकास शर्मा ने मंदिरों में वितरित किए ढोलक-मजीरे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** देवभूमि की सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत को अक्षुण्ण बनाए रखने के संकल्प के साथ महापौर विकास शर्मा ने अपना एक और वायदा पूरा किया है। चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर महापौर ने शहर के विभिन्न मंदिरों सिंह कालोनी स्थित श्री कल्याणेश्वर महादेव मंदिर, सुभाष कालोनी स्थित पूर्णागिरी मंदिर, मुख्य बाजार स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर, श्री दुर्गा मंदिर, खेड़ा स्थित संतोषी माता मंदिर सहित कई मंदिरों में भजन कीर्तन की सामग्री वितरित की। इस अवसर पर महापौर विकास शर्मा ने कहा कि उत्तराखंड की समृद्ध सांस्कृतिक पहचान को नई ऊर्जा देना नगर निगम की प्राथमिकता है।



इस दौरान भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौहान, पार्षद शालू पाल, पार्षद सुशील चौहान, मुख्य बाजार पार्षद चिराग कालरा, प्रीति धीर, अजय चड्ढा, नरेंद्र अरोरा, बॉबी अरोरा, पारस चुघ, गौरव जुयाल, नीतीश धीर, सन्नी, हुकम सिंह, गर्वित, विमला देवी, रेनू सिंह, सुषमा वर्मा, रीता चौहान, गार्गी गुप्ता, कौशल्या देवी, ऊषा देवी, अंजू चौहान, प्रवेश चौहान, एकता सक्सेना, कमला पाण्डेय, प्रीति राजपूत, ज्योति सिंह, गीता चौहान एवं अनीता गहलोत सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### नि:शुल्क पाठ्य पुस्तक बांटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सुल्तानपुर पट्टी।** सीआरसी सरकरा विद्यालय में समग्र शिक्षा अभियान के अन्तर्गत नि:शुल्क पाठ्य पुस्तकों को कक्षा 1 से 8 तक का वितरण किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि नगर पंचायत राजीव सैनी चेयरमैन ने पुस्तक वितरण किए। सीआरपी शिवानी चौहान, राजेन्द्र कुमार सक्सैना द्वारा संयुक्त रूप से वितरण किया गया। इस अवसर पर संदीप भटनागर, दिनेश कुमारी, मीना, धर्मवीर, उपमा भारती, जीतेन्द्र कुमार, गौरी, शिवामी अग्रवाल, भरत रावत, भास्कर सिंह आदि मौजूद रहे।



### तेज रफ्तार डंपर घर में घुसा,बड़ा हादसा टला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** शुक्रवार सुबह एक तेज रफ्तार डंपर अनियंत्रित होकर डंपर नेशनल हाईवे मदर इंडिया स्कूल के पास एक घर में जा घुसा। इस दौरान टक्कर से मकान की दीवार धराशाई हो गई। बड़ा हादसा होने से टला। घटना की सूचना मिलते ही दोराहा पुलिस मौके पर पहुंची और क्रेन की मदद से डंपर को बाहर निकलवाकर अपने कब्जे में ले लिया। वहीं देर रात्रि भूसे से भरा एक ट्रक (ड्रामा) नेशनल हाईवे दोराहा के पास टायर फटने से अनियंत्रित हो गया। वाहन सड़क किनारे लगे किलोमीटर साइन बोर्ड से टकराते हुए सड़क किनारे पलट गया। बताया गया कि चालक सुरक्षित है घटना के बाद कुछ देर के लिए हाईवे पर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। बताया गया है कि पूर्व में भी इसी स्थान के पास भूसे से भरा एक ट्रक पलट चुका है, जिसमें एक युवक की मौत हो गई थी।

### सैनी महासभा बरहैनी द्वारा नव नवयुक्त प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** उत्तराखंड भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नेत्रपाल मोर्या एवं जिला मंत्री भाजपा ओबीसी मोर्चा काशीपुर राजेन्द्र सिंह सैनी राज का भव्य स्वागत कार्यक्रम किया।बाजपुर के ग्राम सभा नमूना, ग्राम दूधिया कॉलोनी में आयोजित इस कार्यक्रम में सैनी समाज के सभी सम्मानित बंधुओं एवं क्षेत्रवासियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।



कार्यक्रम में दूधिया कॉलोनी नमूना बाजपुर में निवास करने वाले सैनी महासभा के जिला संगठन मंत्री राजेंद्र सिंह सैनी राज को भाजपा जिला मंत्री ओबीसी मोर्चा काशीपुर बनाए जाने पर व रुद्रपुर में नि निवास करने वाले नेत्रपाल मौर्य को प्रदेश अध्यक्ष स्वागत किया। राजेंद्र सिंह सैनी राज ने कहा कि मैं आप सभी के स्नेह, सम्मान एवं आशीर्वाद के लिए हृदय से आभार व्यक्त करता हूं।

इस अवसर पर सैनी महासभा बरहैनी अध्यक्ष कोमल सैनी, महामंत्री गंगासरन सैनी, उपाध्यक्ष धर्म सिंह सैनी, डॉक्टर जसवंत सिंह सैनी, जगद. ीश सैनी, कन्नू जोशी, प्रवीण देयोपा, वीरेंद्र सिंह बिष्ट, महेश प्रजापति, रूप किशोर, राजेश सैनी, अर्जुन कश्यप, सुमित प्रजापति, दिलीप सिंह, विनोद यादव आदि थे।

# कॉलेज में रंगोत्सव कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** पीएम श्री नेहरू राजकीय इंटर कॉलेज महुआडाबरा में रंगोत्सव कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास व उत्साह के साथ मनाया गया। इस मौके पर चित्रकला, ऐंपण, मेहंदी व रंगोली की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। विजेता प्रतिभागियों को शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

आज शुक्रवार को कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य बृजमोहन लाल ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। प्रधानाचार्य ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं और उन्हें अपनी छिपी प्रतिभाओं को निखारने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में जिया नूर प्रथम, उपा. सना दितीय व अंजलि तृतीय स्थान पर रहीं।

मेहंदी प्रतियोगिता में आलिया परवीन अव्वल रहीं। सोफिया ने दूसरा व कुमारी निशा ने तीसरा स्थान हासिल किया। चित्रकला प्रतियोगिता में खुशी, जियानूर व उत्सव और ऐंपण प्रतियोगिता में खुशी, हेमा और कुमारी यामिनी ने क्रमश: पहला, दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम के निर्णायक मंडल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को शील्ड देकर पुरस्कृत किया । इस मौके पर राजेश चौधरी, मोनिका और नीतू सैनी को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन शारीरिक शिक्षक राजेश चौधरी ने किया।

इस मौके पर प्रधानाचार्य बृजमो. हन लाल, नाजिम कमर, योगेश पंत, महेंद्र सिंह, हरीश शर्मा, सरीस आलम, उपेंद्र सिंह, डॉक्टर तजम्मुल हसन,अजय कुमार, अरुण कुमार वर्मा , के पी सुमन, जयवीर सिंह, नीतू सैनी,मोनिका, नूतन रानी, नफीस अहमद,राम सजीवन, , मनोज पाल, अरुण कुमार, सोमपाल, नसीम जहां, समेत सैकड़ों विद्यार्थी मौजूद थे।

# धूमधाम से मनाया गया महाअष्टमी का उत्सव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** वैष्णवी शक्तिपीठ आश्रम (प्राचीन श्री वैष्णो देवी मंदिर ) पूज्यनीय वैष्णवी शक्ति पीठाधीश्वरी ब्रह्मलीन मां हंसेश्वरी भारती महाराज स्वर्ग फार्म वाली देवी के स्थान पर महाअष्टमी का उत्सव धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम भक्तों द्वारा कीर्तन करकर पूज्यनीय स्वर्ग फार्म वाले देवी के तपोस्थली के पट खोले गए जिसके बाद भक्तों ने ब्रह्मलीन माता जी के स्वरूप के व खेत्री के दर्शन किए व शीश नवाया।

मंदिर प्रांगण में हवन का आयोजन भी हुआ, जिसमें सभी अनुयायियों ने सहभागिता दर्ज कराई फिर सभी भक्तों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इसी के साथ रात्रि में विशाल मां भगवती जागरण का आयोजन किया जिसका पूजन जग्गा जी के परिवार द्वारा कराया गया, जिसमें वैष्णों भजन मंडल ने भजनों की श्रृंखला में भगवती आह्वान, गणेश वंदना, फूलों की वर्षा, गुरु वंदना के बाद हरिधाम से पधारे महंत मनीष सलूजा, तुलसी धाम से पधारे भक्त बिल्लू खुराना , सुषमा अग्रवाल, रमेश ने सुंदर भजनों की पेशकश की। वहीं मुरादाबाद से आए भजन सम्राट राजेंद्र पप्पू चावला ?ने सुंदर भजनों की पेशक से समा बांधा दिया। महंत श्याम खुराना ने तारा रानी का सुंदर इतिहास सुनाया, तत्पश्चात आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर विधायक शिव अरोरा, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, सतनाम सिंह पप्पू, राजकुमार सीकरी, पल्ली गाबा, हरीश अरोड़ा, महिंद्र गाबा, नरेश कुमार घई, जगदीश अरोड़ा, नीलम, मोना, राखी, चरणजीत, लक्की, चमन लाल अरोड़ा, राजीव ग्रोवर, राजेश ग्रोवर, रूबी, राकेश डूडेजा, सूरज कक्के, शम्मी अरोड़ा, सुरेंद्र गुंबर, गौरव गुंबर, गोगी, पॉली, टोनी अरोरा, जिगर गुंब, पवन घई, राजीव घई, जुगनू, हुकम सिंह भंडारी, सोनू , पूजा घई, आरती घई, बिमला, कंचनू, प्रीति ग्रोवर, सुषमा अग्रवाल, पवन अग्रवाल, जया आनंद, सुनीता अरोड़ा, नीलम, मोना, सीमा पोपली, राखी उप्पल, कविता सोढ़ी, निशा, गगन गुंबर, मनु गुंबर आदि लोग मौजूद थे।

# तीजे, दसवें और चालीसवें के खाने पर रोक की मांग

- मजरा शीला में मुस्लिम समाज की टोनी पठान के नेतृत्व में हुई बैठक आयोजित
- गदरपुर से शुरू हुई इस्लाही मुहिम
- मय्यत के मौकों पर सादगी अपनाने की अपील, समाज के जिम्मेदार लोगों ने जताई सहमति



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गदरपुर।** क्षेत्र के मजरा शीला गांव में मुस्लिम समाज की एक अहम बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें सामाजिक सुधार से जुड़े महत्वपूर्ण मसलों पर गौर किया गया। यह बैठक वरिष्ठ समाजसेवी शाहेरूम उर्फ टोनी पठान की कियादत में आयोजित हुई, जिसमें मस्जिद कमेटी और गांव के कई गणमान्य अफराद ने शिरकत की।

बैठक में खास तौर पर तीजा, दसवां, बीसवां और चालीसवां (इसाल-ए-सवाब) के मौकों पर बनने वाले खाने को लेकर बहस-मुबाहिसा हुआ। मौजूद उलेमा और समाज के जिम्मेदार लोगों ने इस रिवायत पर रोक लगाने की जरूरत पर जोर दिया और इसे गैर-जरूरी खर्च बताते हुए इससे परहेज की अपील की।

टोनी पठान ने अपने खिताब में कहा कि समाज में इस्लाही मुहिम की सख्त जरूरत है, ताकि लोग दीन-ए-इस्लाम की असल तालीमात को समझें और गैर-जरूरी रस्मो-रिवाज से दूरी बनाएं। उन्होंने कहा कि इस मुहिम की शुरुआत गदरपुर से की जा रही है और इसे आगे भी जारी रखा जाएगा। टोनी पठान ने कहा कि इस्लाम सादगी और सहूलत का दीन है, इसमें दिखावे और फिजूलखर्ची की कोई गुंजाइश नहीं है। मय्यत के मौके पर सवाब के नाम पर बोझ डालना सही नहीं, बल्कि जरूरतमंदों की मदद करना असल नेक अमल है। मस्जिद कमेटी के सदर समसूदीन उर्फ सूखा ने भी इन बातों की ताईद करते हुए कहा कि मय्यत वाले घर पर बोझ डालना मुना. सिब नहीं है। उन्होंने सुझाव दिया कि अगर जरूरत हो तो मेहमानों के लिए खाने का इंतजाम मस्जिद कमेटी या मोहल्ले के लोग मिलकर करें, ताकि गमजदा खानदान पर अतिरिक्त दबाव न पड़े। इस तजवीज को भी कई हाजिरीन ने अपनी रजामंदी दी।

गदरपुर के वरिष्ठ समाजसेवी सिब्ते नबी ने कहा कि समाज में फैली गलत रस्मों को खत्म करना वक्त की अहम जरूरत है। उन्होंने कहा कि हमें दीन की रोशनी में अपनी जिंदगी गुजारनी चाहिए और ऐसी परंपराओं से बचना चाहिए जो गरीब परिवारों पर आर्थिक बोझ बनती हैं और असल मकसद से दूर करती हैं। बैठक में मौजूद अन्य अफराद जैसे पूर्व प्रधान प्रतिनिधि सफीक उर्फ भूरा, जुल्फिकार अली उर्फ हारिश, नाजिम हुसैन, उमर अली, मो. तौफीक, फरजंद अली, सलीम बाबा, जाहिद सलमानी, शाकिर अली, मुजम्मिल सैफी और शाहिद अली समेत कई लोगों ने भी अपने-अपने ख्यालात पेश किए और इस मुहिम का समर्थन किया।

आखिर में यह तय पाया गया कि समाज में इस्लाही कदम उठाते हुए फिजूलखर्ची को रोकने और सादगी को बढ़ावा देने के लिए ऐसे प्रयास जारी रखे जाएंगे।

# ग्रीष्मकालीन धान की अनुमति से किसानों में खुशी की लहर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** ग्रीष्मकालीन धान लगाने की रोक पर जहां किसानों के लिए चिंता का विषय बना हुआ था वहीं उत्तराखंड सरकार द्वारा ग्रीष्मकालीन धान लगाने की अनुम. ति मिलते ही किसानों में खुशी की लहर दौड़ गई।

खटीमा में किसानों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक बैठक कर ग्रीष्मकालीन धान लगाने की अनुम. ति का श्रेय मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को देते हुए उनका आभार और धन्यवाद व्यक्त किया। इस मौके पर किसान नेता जगजीत सिंह मल्ली ने कहा कि उत्तराखंड मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सदैव किसानों के विकास के लिए समर्पित रहते हैं क्योंकि मुख्यमंत्री खुद भी एक किसान परिवार से ताल्लुक रखते हैं। उन्होंने कहा कि इस अनुमति से क्षेत्र के किसानों में खुशी की लहर है। वहीं भाजपा किसान मोर्चा के कुमाऊं संयोजक मनोज शाही ने कहा कि किसान अन्नदाता है और भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का धन्यवाद व्यक्त किया।

इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष अमित पांडे हरमोहन सिंह धुम्मन, जगतार सिंह, सतपाल सिंह, सतनाम सिंह मल्ली, गुरमेज सिंह, सूरज प्रताप सिंह, अविनाश पाल सिंह, सुरजीत सिंह मेहरोक, फलजीत सिंह मल्ली, बीडीसी सतनाम सिंह तथा अमित पांडे आदि उपस्थित रहे।

# कॉर्बेट प्रशासन ने जिप्सी एसोसिएशन और जिप्सी स्वामियों के साथ की बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में जिप्सियों के प्रवेश को लेकर एक बार फिर हलचल तेज हो गई है। कॉर्बेट प्रशासन ने जिप्सी एसोसिएशन और जिप्सी स्वामियों के साथ एक बैठक आयोजित की। कॉर्बेट प्रशासन ने नए स्थायी नये परमिट धारकों के लिए एक अप्रैल को लॉटरी सिस्टम के जरिए चयन प्रक्रिया तय की है। सीटों से ज्यादा आवेदन आने के कारण यह फैसला लिया गया है, जिससे अब सभी की निगाहें इस लॉटरी प्रक्रिया पर टिकी हुई हैं।

कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक राहुल मिश्रा के अनुसार,पंजीकरण प्रक्रिया के तहत प्राप्त सभी आवेदनों की जांच की गई है। वैध पाए गए आवे. दनों को ओपन कैटेगरी और ईडीसी श्रेणी में शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि ओपन कैटेगरी में 43 सीटों के मुकाबले 64 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जबकि ईडीसी श्रेणी में 50 सीटों के लिए 66 आवेदन आए हैं। ऐसे में दोनों ही श्रेणियों में चयन लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा। उपनिदेशक ने यह भी बताया कि कुछ आवेदकों ने ईडीसी श्रेणी में अनुभव के आधार पर प्राथमिकता देने की मांग की थी, जैसा कि ओपन कैटेगरी में 5 और 8 साल के अनुभव के आधार पर किया जाता है। लेकिन वर्ष 2024 की गाइडलाइन में ईडीसी के लिए इस तरह का कोई प्रावधान नहीं है, इसलिए वर्तमान प्रक्रिया उसी के अनुसार पूरी की जाएगी। गौरतलब है कि वर्ष 2024 में वन मंत्री द्वारा जारी आदेश में 2022 के बाद के स्थायी परमिट वाली जिप्सियों को पार्क में प्रवेश से रोका गया था। इस आदेश के खिलाफ करीब 15 जिप्सी स्वामियों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी, जिस क्रम में कोर्ट ने वन मंत्री के लेटर को खारिज करते हुए नए परमिट धारकों को राहत दी।

हाईकोर्ट के फैसले के बाद अब कॉर्बेट प्रशासन ने नए परमिट धारकों को भी शामिल करते हुए कुल 130 जिप्सियों में से 93 वाहनों को लॉटरी के जरिए प्रवेश देने का निर्णय लिया है। हालांकि इस व्यवस्था को लेकर नए जिप्सी स्वामियों में नाराजगी देखने को मिल रही है। उनका आरोप है कि 5 और 8 साल की कैटेगरी बनाकर पुराने जिप्सी मालिकों को प्राथमिकता दी जा रही है, जिससे नए लोगों के साथ भेदभाव हो रहा है। विरोध कर रहे कारोबारी नमित अग्रवाल का कहना है कि जब हाईकोर्ट ने निष्पक्ष लॉटरी सिस्टम लागू करने की बात कही है, तो सभी को समान अवसर मिलना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि इस निर्णय में बदलाव नहीं किया गया, तो वे फिर से हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे। अब देखना होगा कि एक अप्रैल को होने वाली लॉटरी प्रक्रिया इस विवाद को शांत करती है या फिर मामला एक बार फिर कानूनी मोड़ लेता है। इस दौरान बैठक में कॉर्बेट डायरेक्टर डॉक्टर साकेत बडोला,जिप्सी एसोसिएशन रामनगर के अध्यक्ष जगदीश चंद्र छीमवाल,नरेंद्र शर्मा,प्रेम मेहरा,उमर मोहम्मद,किशोर चंद्र,ललित आदि मौजूद रहे।

# भाजपा नेता राकेश नैनवाल ने कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के डायरेक्टर डॉक्टर साकेत बडोला से की मुलाकात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** भाजपा के वरिष्ठ व पूर्व भाजपा प्रदेश मंत्री राकेश नैनवाल ने कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के डायरेक्टर डॉक्टर साकेत बडोला से उनके कार्यालय पर मुलाकात की। उन्होंने वन ग्रामों में निवास करने वाले ग्रामीणों के घरों के आस-पास पेड़ों की लॉपिंग करने और कटवाने के संबंध में एक ज्ञापन दिया है।



दिए गए ज्ञापन में राकेश नैनवाल ने बताया कि कुछ दिनों पहले बड़े ही दुर्भाग्यपूर्ण ढंग से ग्राम रिंगोड़ा में एक होनहार बालक की पेड़ के नीचे दबने से मौत हो गयी थीं।जो कि पूरे समाज एवं विभाग के लिए दुखद एवं सोचनीय विषय है। पीड़ित परिवार के द्वारा बार-बार यह कहा जा रहा है कि उक्त पेड़ को हटाने के लिए 12-13 वर्ष पूर्व से कहा गया था लेकिन ऐसा नहीं हो पाया और हवा के कारण पेड़ के टूटने से बच्चे की मौत हो गयी, ऐसी घटनाओं से समाज एवं विभाग को हमेशा सीख लेनी ही चाहिए ताकि भविष्य में कोई दुर्घटना इस प्रकार से फिर न हो। राकेश नैनवाल ने कॉर्बेट डायरेक्टर से जल्द से जल्द इस मामले में संज्ञान लेते हुए कार्य करने की अपील की है। कॉर्बेट डायरेक्टर ने जल्द कार्य करने का आश्वासन दिया है।

# सेंधमारी का 24 घंटे में खुलासा



■ शातिर 'भूरा' गिरफ्तार, चोरी का माल बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** थाना टनकपुर पुलिस ने परचून की दुकान में हुई सेंधमारी की घटना का 24 घंटे के भीतर सफल खुलासा करते हुए एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर चोरी गया पूरा माल भी बरामद कर लिया है।

कोतवाली पुलिस ने गुरुवार को वादी मनोज अरोरा निवासी वार्ड नं. 3 राजाराम चौक, टनकपुर की तहरीर पर थाना टनकपुर में अज्ञात अभियुक्त के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया था। अभियुक्त द्वारा दुकान की दीवार तोड़कर अंदर घुसते हुए 50 पैकेट वेव सिगरेट एवं 2100 नगद चोरी कर लिए गए थे। पुलिस अधीक्षक चम्पावत रेखा यादव के निर्देशानुसार एवं क्षेत्राधिकारी टनकपुर वंदना वर्मा के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक चेतन रावत टनकपुर द्वारा पुलिस टीम गठित कर घटना के अनावरण हेतु अभियान चलाया गया। गहन सुरागरसी व पतारसी के दौरान 27.03.2026 को पुलिस टीम ने मछली गली निवासी राहुल कश्यप उर्फ भूरा को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त की निशानदेही पर रेलवे परिसर स्थित झाड़ियों से चोरी के 50 पैकेट वेव मिंट सिगरेट एवं 2100 नगद बरामद किए गए। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा वृद्धि की गई है। अभियुक्त को मय बरामद माल न्यायालय में पेश किया जा रहा है। गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली टीम में अपर उपनिरीक्षक रवि चन्द्र जोशी, हेड कांस्टेबल कमल कुमार एवं कांस्टेबल हितेन्द्र वर्मा शामिल रहे।

# राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह पहुंचे पिथौरागढ़

■ योजनाओं की समीक्षा एवं स्टालों का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** राज्यपाल, लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से. नि.) एक दिन के दौरे पर पिथौरागढ़ पहुंचे। नैनी-सैनी हवाई अड्डे पर जिलाधिकारी आशीष कुमार भटगांई द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अक्षय कोंडे, अपर जिलाधिकारी योगेंद्र सिंह एवं उपजिलाधिकारी जीतेन्द्र वर्मा द्वारा भी राज्यपाल का स्वागत किया गया।

इसके उपरांत पुलिस विभाग द्वारा राज्यपाल को गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान कर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात राज्यपाल ने हवाई अड्डा परिसर में लगे ग्राम्य विकास विभाग, पर्यटन विभाग, जिला उद्योग केंद्र तथा "हाउस ऑफ हिमालयाज" सहित विभिन्न स्टालों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय उत्पादों, स्वरोजगार गतिविधियों एवं सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी प्राप्त की। राज्यपाल ने उत्पादों की पैकेजिंग की सराहना करते हुए महिलाओं की आय में हो रही वृद्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की तथा इसे और बेहतर बनाने हेतु संबंधित अधिकारियों एवं समूहों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने डिजिटल माध्यमों का उपयोग बढ़ाकर उत्पादों को व्यापक बाजार उपलब्ध करने हेतु डिजिटल माध्यम का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करने का सुझाव भी दिया। विभागों द्वारा राज्यपाल को अपने हस्त निर्मित उत्पाद भी भेज किए गए।



इस अवसर पर राज्यपाल ने नैनी-सैनी हवाई अड्डे पर उपस्थित विभिन्न विभागों के अधिकारियों से परिचय भी प्राप्त किया। साथ ही वहां उपस्थित बच्चों से संवाद कर उनकी आकांक्षाओं के बारे में जाना तथा उन्हें अपने लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु लगन एवं परिश्रम से तैयारी करने के लिए प्रेरित किया एवं आशीर्वाद प्रदान किया। तत्पश्चात राज्यपाल द्वारा जनपद में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं का अवलोकन किया गया। उन्होंने जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से पहुंचाने पर विशेष जोर दिया। राज्यपाल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास एवं आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए योजनाओं का प्रभावी एवं पारदर्शी क्रियान्वयन अत्यंत आवश्यक है।

## एक नजर

# तीन अप्रैल को श्यामलाताल में जागरूकता का मंच सजेगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

बालिकाएं दिखाएंगी अपनी प्रतिभा

**श्यामलाताल/चंपावत।** जागरूकता विकास समिति, श्यामलाताल द्वारा क्षेत्र में सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 3 अप्रैल को एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में 16 से 21 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का सुनहरा अवसर मिलेगा।

समिति अध्यक्ष पंडित शंकर जोशी ने बताया कि कार्यक्रम के तहत प्रतिभागियों को 4 से 5 मिनट का भाषण या प्रस्तुति देनी होगी, जिसके आधार पर उनकी अभिव्यक्ति, आत्मविश्वास और विषय की समझ का आकलन किया जाएगा। समिति ने स्पष्ट किया है कि प्रतिभाग के लिए अभिभावकों की सहमति अनिवार्य होगी। कार्यक्रम के समापन पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभागियों को आकर्षक पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा। आयोजन से जुड़े सभी नियम एवं शर्तें समिति द्वारा निर्धारित की गई हैं, जिनका पालन करना सभी प्रतिभागियों के लिए जरूरी होगा। समिति ने क्षेत्र की इच्छुक बालिकाओं से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है। यह कार्यक्रम न केवल बालिकाओं को मंच प्रदान करेगा, बल्कि समाज में जागरूकता फैलाने की दिशा में भी एक मजबूत पहल साबित होगा।

# महानाम संकीर्तन महोत्सव में पूर्व विधायक ठुकराल ने लिया आशीर्वाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** मुखर्जी नगर जगतपुरा में सार्वजनिक मां काली पूजा कमेटी के तत्वाधान में आयोजित श्री श्री अखंड महानाम संकीर्तन महोत्सव में भक्ति और श्रद्धा की अविरल धारा बही। इस धार्मिक आयोजन में विभिन्न क्षेत्रों से आई कीर्तन मंडलियों ने 'हरे रामा-हरे कृष्णा' का भावपूर्ण संकीर्तन कर संपूर्ण क्षेत्र के वातावरण को पूरी तरह भक्तिमय बना दिया।



इस पावन अवसर पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने विशेष रूप से शिरकत की और संकीर्तन श्रवण कर क्षेत्र की खुशहाली व सुख-समृद्धि की मंगल कामना की। संकीर्तन महोत्सव में ठाकुर हरषित संप्रदाय, श्री राधा कृष्ण संप्रदाय, श्री श्री गोपाल संप्रदाय, राधे राधे संप्रदाय, राधा रानी संप्रदाय और कृष्णदासी संप्रदाय जैसी प्रतिष्ठित कीर्तन मंडलियों ने अपनी मधुर प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में कमेटी के अध्यक्ष कनेक मण्डल, गौरव मण्डल, श्यामा रंग, बलाई विश्वास, नारायण मण्डल, अमृत लाल, तपन गोलदार, हरीश विश्वास, शंकर मण्डल, हरेन अधिकारी, गोपाल रंग, सुरेन मण्डल, सपन साना, मंटू साना, जयदेव मण्डल, दिलीप मण्डल, प्रदीप अधिकारी, सुकुमार सरकार, रोहित गोलदार, दुलाल विश्वास, नारायण विश्वास, ब्रजेन मण्डल, महादेव मण्डल, ननी गोपाल, दिलीप वैध, विष्णु सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# स्कूली बसों के किराए में वृद्धि के विरोध में एआरटीओ को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** निजी स्कूलो में शिक्षारत छात्र छात्राओं के बस एवं वैन के माध्यम से परिवहन हेतु मासिक परिवहन शुल्क को अत्याधिक बढ़ी दरों पर निर्धारण को वापसी लेने हेतु ज्ञापन सौंपा



विगत 25.03.2026 को अध्यक्ष / परिवहन आयुक्त, राज्य परिवहन प्राधिकरण, उत्तराखंड की आहूत बैठक में निजी स्कूलों में शिक्षारत छात्र छात्राओं के बस एवं वैन के माध्यम से परिवहन हेतु मासिक परिवहन शुल्क को रूपये 2200 से लेकर रूपये 3700 तक प्रतिमाह कर दिया है। पहले से ही गरीब एवं मध्यमवर्गीय अभिभावकों पर मंहगी होती जा रही शिक्षा व्यवस्था, यथा मंहगी किताबें, मंहगी स्कूल ड्रेसें, ट्यूशनों के कारण बच्चों की शिक्षा के खर्च को वहन कर पाना भारी पड़ रहा है। इन अत्याधिक बढ़ी दरों पर निर्धारित कर अभिभावकों पर अत्याधिक आर्थिक भार पड़ना तय है, क्योंकि एसटीए का आदेश दिखाकर संगठित निजी स्कूल ऐसोशियेसनों द्वारा परिवहन शुल्क वृद्धि करना संभावित है। इस जनहितकारी मामलें मे हम अभिभावक आपसे निवेदन करते हैं कि व्यापक जनहित में इन आदेशों को तत्काल वापस लिया जाये, अन्यथा सभी अभिभावक आंदोलन को बाध्य होंगें।

सुशील गाबा, पूर्व पार्षद जगदीश तनेजा, पूर्व ग्राम प्रधान सुरेश गौरी, पूर्व छात्र संघ उपाध्यक्ष जावेद अख्तर, पार्षद प्रतिनिधि सचिन मुंजाल, समाजसेवी सुरेंद्र गाबा, पूर्व पार्षद रमेश कालड़ा, पूर्व नेता प्रतिपक्ष मोनू निषाद, हैप्पी रंधावा, सुनील छाबड़ा, कमल पांडे, अशोक कुमार, विक्की कुमार, करण कुमार,सुरेश वाधवा, प्रवीन कुमार सिंह आदि मौजूद थे।

# टनकपुर महाविद्यालय में नशा मुक्ति का संदेश

■ युवाओं ने उठाई जागरूकता की मशाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** राजकीय महाविद्यालय टनकपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) एवं रेड क्रॉस समिति के संयुक्त तत्वावधान में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए समाज को नशामुक्त बनाने का संकल्प लिया।



कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवकों ने "जन-जन का एक ही नारा, नशा मुक्त हो प्रदेश हमारा" जैसे प्रभावशाली स्लोगनों के साथ आकर्षक पोस्टर तैयार किए और नशे के दुष्परिणामों को रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया। इस पहल ने युवाओं में जागरूकता का संदेश देने के साथ-साथ सामाजिक जिम्मेदारी का एहसास भी कराया। महाविद्यालय की योग प्रशिक्षक श्रीमती दीपा बुगंला ने स्वयंसेवकों को योग के माध्यम से नशा मुक्ति के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराते हुए मानसिक संत.लन एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने पर जोर दिया। इसके साथ ही प्रतिभागियों द्वारा मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित सर्वे फॉर्म भी भरे गए। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. अनुपमा तिवारी ने नशे के दुष्परिणामों पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से स्वयं जागरूक बनने और समाज को जागरूक करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नशा न केवल व्यक्ति बल्कि पूरे समाज को प्रभावित करता है, इसलिए इसके खिलाफ सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। कार्यक्रम का सफल संयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुषमा मक्कड़ द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. विमल जोशी, डॉ. किरण दानू, डॉ. मीनाक्षी जोशी सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे।

# पुलिस ने पीड़ित को ढूंढकर वापस लौटाया खोया पर्स

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**सुलतानपुर पट्टी।** शाकिर अली पुत्र शमीम अहमद ने चौकी आकर सूचना दी थी कि मेरी पत्नी का एक बड़ा पर्स बाजार से आते समय ई रिक्शा से सुलतानपुर पट्टी क्षेत्र में कहीं गिर गया है। पर्स के अंदर एक मोबाइल फोन, एक जोड़ी कान के झुमके सात ग्राम सोने के, एक हार डेढ़ तोला सोने का, पायल चांदी 100 ग्राम , 3000 रुपये नगद थे। चौकी पुलिस टीम द्वारा प्राप्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए 50 से अधिक सीसीटीवी कैमरे की फुटेज चेक की गई। मैनुअल पुलिसिंग के तहत क्षेत्र में सूचना प्रेषित करते हुए आवश्यक जन सहयोग प्राप्त किया गया। पुलिस टीम द्वारा काफी प्रयास, ढूंढ खोज और सुरागरसी कर खोया पर्स व समस्त सामान ढूंढ कर सकुशल पीड़ित को वापस किया गया। खोया सामान सकुशल वापस मिलने पर शाकिर अली द्वारा पुलिस टीम की प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया गया। पुलिस टीम में उप निरीक्षक मनीष खत्री, का. जरनैल सिंह, समीर चौहान, अमित जोशी थे।

# पुलिस ने लाखों रुपये कीमत की स्मैक के साथ तीन तस्करों को दबोचा

■ आरोपियों के कब्जे से 34.16 ग्राम स्मैक बरामद, बाइक को किया सीज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता।** मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने लाखों रुपये कीमत के मादक पदार्थ के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है।

शुक्रवार को पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जनपद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के निर्देशन में नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे हैं अभियान के तहत कोतवाली ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम नगला के पास से मोटरसाइकिल संख्या UK06BB-0956 पर तीन लोगों को गिरफ्तार किया है तलाशी लेने के दौरान आरोपियों के कब्जे से 34.16 ग्राम स्मैक बरामद हुई है पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम 1- फरमान अंसारी पुत्र मो. मिया निवासी वार्ड नं. 10 इमामबाडे के पास गोटिया थाना खटीमा व राजवीर सिंह पुत्र पप्पू निवासी गुरुनानक नगरी गोठा थाना सितारगंज तथा सरफराज अहमद पुत्र सुराज अहमद निवासी वार्ड नं. 15 चन्द्रवाटिका भूड मोहलिया थाना खटीमा बताया है। पुलिस ने पकड़े गए तीनों आरोपियों के विरुद्ध धारा 8/21/60 नारकोटिक्स के तहत अभियोग पंजीकृत किया है। पकड़ी गई स्मैक की कीमत दो लाख रुपये से अधिक की आंकी जा रही है।

पकड़ने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक नवल किशोर, अपर उप निरीक्षक चंचल सिंह, मुख्य आरक्षी नवनीत कुमार, आरक्षी श्याम सिंह थापा, आरक्षी शुभम सैनी शामिल हैं।

# खांमपुर में भूसे में छिपे सिलेंडर बरामद, एसडीएम के नेतृत्व में छापा

■ गोपनीय शिकायत पर प्रशासन की कार्रवाई, तीन गैस सिलेंडर जब्त

■ कालाबाजारी की आशंका, तहसीलदार की मौजूदगी में जांच



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गदरपुर।** खेमपुर क्षेत्र में अवैध रूप से गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी की शिकायत मिलने पर प्रशासन ने आकस्मिक निरीक्षण किया। यह कार्रवाई एसडीएम ऋचा सिंह के नेतृत्व में तहसीलदार देवेंद्र विष्ट की मौजूदगी में की गई, जिससे पूरे अभियान को गंभीरता और सख्ती के साथ अंजाम दिया गया।

गोपनीय सूचना के आधार पर की गई इस कार्रवाई में टीम ने एक स्थान पर भूसे के भीतर सिलेंडर छिपाकर रखे जाने का मामला पकड़ा। निरीक्षण के दौरान भूसे से कई गैस सिलेंडर बरामद हुए, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। जांच के दौरान बरामद सिलेंडरों में से तीन सिलेंडरों के वैध दस्तावेज (पासबुक) मौके पर प्रस्तुत किए गए। दस्तावेज सही पाए जाने पर छह सिलेंडरों को छोड़ दिया गया, जबकि शेष तीन सिलेंडरों के संबंध में संतोषजनक कागजात न मिलने पर उन्हें मौके पर ही जब्त कर लिया गया। प्रशासन ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए आगे की जांच शुरू कर दी है। इसके अलावा एक ही परिवार के पास तीन गैस पासबुक होने की जानकारी सामने आने पर पूर्ति निरीक्षक को मामले की गहन जांच के निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यदि किसी भी प्रकार की अनियमितता या कालाबाजारी की पुष्टि होती है तो संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# चीनी मिल कर्मचारी ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर दी जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बाजपुर।** नगर की चीनी मिल के एक कर्मचारी द्वारा संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के परिवार में चीख-पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। मिल क्वार्टर में लगाया फंदा

मूल रूप से क्षेत्र के ग्राम जोगीपुरा निवासी प्रेमपाल (35 वर्ष), पुत्र महिपाल सिंह, बाजपुर चीनी मिल में कर्मचारी के रूप में कार्यरत था। वह वर्तमान में मिल परिसर स्थित सरकारी क्वार्टर में अपने परिवार के साथ रह रहा था। शुक्रवार को प्रेमपाल ने अपने क्वार्टर में संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटककर जान दे दी। जैसे ही परिजनों को घटना का पता चला, वे आनन-फानन में प्रेमपाल को लेकर बाजपुर सरकारी अस्पताल पहुंचे। वहां डॉक्टरों ने स्वास्थ्य परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनते ही अस्पताल परिसर में परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मामले की सूचना मिलते ही कोतवाली बाजपुर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। वही पुलिस का कहना है कि शव को कब्जे में ले लिया गया है और मामले की गहराई से जांच की जा रही है। अभी तक आत्महत्या के सटीक कारणों का पता नहीं चल पाया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। इस हृदयविदारक घटना से जहां परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है, वहीं चीनी मिल कॉलोनी और जोगीपुरा क्षेत्र में भी शोक की लहर व्याप्त है।

# वंदे मातरम् के तहत कार्यक्रम का किया आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा परिसर-परिसर वंदे मातरम् के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पूरे परिसर में वंदे मातरम् की गूंज से वातावरण राष्ट्रभक्ति से गूंज उठी।कार्यक्रम की शुरुआत वंदे मातरम् के सामूहिक गायन से हुई।जिसके बाद विद्यार्थियों को राष्ट्रभक्ति, संगठन और युवा शक्ति के महत्व के बारे में संबोधित किया गया। इस दौरान जिला प्रमुख डॉ.शक्ति सिंह राणा, जिला संगठन मंत्री संतोष जुयाल,जिला संयोजक पीयूष जोशी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नितेश शर्मा, कॉलेज अध्यक्ष नीरज कंडारी, नगर राष्ट्रीय कला मंच सदस्य विशाख, ऋषभ अग्रवाल आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आम जनता को गैस न मिलने की खबर दिखाने पर पत्रकार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

■ बिना जांच पड़ताल के आनन-फानन में पुलिस ने किया मुकदमा दर्ज

■ धरातल की वास्तविकता दिखाने पर भाजपा नेता ने पत्रकार के खिलाफ की कार्यवाही की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** चकरपुर भाजपा मंडल महामंत्री कमलदीप सिंह राणा की तहरीर पर खटीमा पुलिस ने वरिष्ठ पत्रकार दीपक फुलेरा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। भाजपा नेता कमलदीप सिंह राणा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि पत्रकार दीपक फुलेरा ने एलपीजी गैस की कमी दिखाकर भाजपा सरकार की छवि को धूमिल करने तथा आम जनता को भ्रमित करने का काम किया है जबकि इस संकट की स्थिति में भी लगातार लोगों को गैस मिल रही है।

भाजपा नेता ने सरकार की छवि धूमिल करने व भ्रामक खबर चलाने का आरोप लगाकर पत्रकार व उनके सोशल मीडिया चौनल के खिलाफ कार्यवाही की मांग की, जिस पर पुलिस ने धारा 353(1)(बी) बीएनएस में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

गौरतलब बात यह है कि वरिष्ठ पत्रकार दीपक फुलेरा ने बीते बुधवार को आम जनता को गैस न मिलने की ग्राउंड खबर कवर की था। चकरपुर में गैस को लेकर बुधवार को गैस उपभोक्ताओं की काफी भीड़ लगी थी तथा लंबी लाइन में उपभोक्ता खड़े थे और गैस के इंतजार में सुबह से ही काफी परेशान थे। वहीं धरातल की वास्तविक खबर दिखाने पर भाजपा नेता की तहरीर पर पुलिस ने बिना जांच पड़ताल व पूछताछ के पत्रकार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है जो न्यायोचित नहीं है। जहां अनेकों पीड़ित मुकदमा दर्ज करने को लेकर थाने के चक्कर लगा-लगा कर थक जाते हैं फिर भी मुकदमा दर्ज व कार्यवाही नहीं होती है लेकिन लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के द्वारा धरातल की हकीकत दिखाने पर बिना जांच पड़ताल के तुरंत मुकदमा दर्ज कर लिया जाता है। अगर इसी तरह से लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पत्रकारों के खिलाफ झूठा और फर्जी मुकदमा दर्ज कराने का सिलसिला जारी रहा तो पत्रकार जनहित की खबरों और जनता से जुड़े सरोकारों को कैसे उठाएंगे यह एक गंभीर और विचारणीय प्रश्न है। वहीं इस मामले को लेकर स्थानीय पत्रकारों में भारी आक्रोश है। वहीं दूरभाष पर बातचीत में एसएसपी अजय गणपति ने मुकदमा दर्ज होने की पुष्टि की है।

# विद्यार्थियों ने शारदा नदी में राफ्टिंग का लिया आनंद




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** ब्लॉक के सीमांत विद्यालय पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज दिगालीचौड़ के कक्षा 10 से 12 के 25 विद्यार्थियों का दल दो दिवसीय एडवेंचर एवं नेचर स्टडी टूर में बूम रेंज टनकपुर चंपावत की यात्रा पर गया। प्रात:काल विद्यालय से भ्रमण दल को प्रधानाचार्य डा. सुधाकर जोशी ने रवाना किया। नोडल अध्यापक कमलेश जोशी,सुशील कुमार जोशी, गणेश बो. हरा के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने शारदा नदी में राफ्टिंग का आनंद लिया। सभी विद्यार्थी इस एडवेंचर टूर के लिए उत्साहित रहे।भ्रमण द्वितीय दिवस में विद्यार्थियों ने नोडल अध्यापकों के साथ रमणीक स्थल श्यामलाताल का भ्रमण किया एवं नौकायन का आनंद लिया। विद्यार्थियों के दल में छात्र आशीष नेगी,अंकित सिंह, अमन बोहरा, ललित चिलकोटी, गगनदीप, हिमांशु, दीपक, शिव. राज, सौरभ आदि सम्मिलित रहे।

# जिलाधिकारी पहुंचे गुरु गोरखनाथ धाम, किए अखंड धूनी के दर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** विश्व प्रसिद्ध गुरु गोरखनाथ के मंदिर में शताब्दियों से यह धूना जल रही है, जिसकी भस्म यहां का महाप्रसाद होता है। ताला देश के सघन बाज बुरासा के जंगलों के बीच स्थित इस स्थान से प्रकृति का मनोहारी दृश्य और हिमालय की लंबी श्रृंखलाएं दिखाई देती है। यही वजह है कि गुरु गोरखनाथ महाराज ने इस स्थल को अपनी तपस्या के लिए अपने चरण यहां रखे होंगे। तब से यह स्थान विश्व के कौने कौने से नाथ संप्रदाय के लोगों के अलावा अन्य श्रद्धालुओं के लिए आस्था और श्रद्धा का केंद्र बना हुआ है। इस स्थान के दर्शन करने के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की लंबे समय से इच्छा बनी हुई है।

इस बात का उल्लेख उन्होंने यहां के महंत योगी रामनाथ से बार-बार व्यक्त कर चुके हैं। रामनवमी के दिन जिलाधिकारी मनीष कुमार ने तल्ला देश क्षेत्र के दौरे के दौरान इस दिव्य स्थल के दर्शन किए। उनका मठ पुजारी देवनाथ महाराज, कथा वाचक कमल जोशी एवं सामाजिक कार्यकर्ता दिलीप सिंह ने स्वागत किया। यहां के मठाधीश रामनाथ पंजाब के मठों के कार्यक्रम में गए हैं। जिलाधिकारी ने कहा यह अंतरराष्ट्रीय महत्व का धार्मिक स्थल है, जहां देश-विदेश के विभिन्न स्थानों से लोग यहां आया करते हैं तथा क्षेत्रीय लोगों की आस्था के प्रमुख केंद्र है। उन्होंने यहां हेलीपोर्ट बनाने के साथ अन्य सुविधाओं के लिए महंत से भी बातचीत की।



# आइटीबीपी में हवन यज्ञ और भंडारा आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** आइटीबीपी की 36वीं वाहिनी में रामनवमी के अवसर पर आज यहां के सर्व धर्म मंदिर में दिनभर पूजा पाठ, भजन कीर्तन का दौर जारी रहा। यहां रामायण का अखंड पाठ भी चल रहा है। पुरोहित दिलीप शर्मा द्वारा हवन यज्ञ एवं पूजा कराई गई जिसमें मुख्य यजमान कमांडेंट संजय कुमार सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी हिमवीर वाइब्ज वेलफेयर एसोसिएशन की चेयरपर्सन अनुराधा सिंह के साथ पूजा अर्चना की गई।

इस अवसर पर हिमवीर एवं उनके पारिवारिक जनों के अलावा राजीव नवोदय विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं व स्टाफ के लोग भी मौजूद थे। श्रीमती मनोरमा द्वारा यहां देवी स्वरूपा 11 कन्याओं एवं भगवान भैरव की पूजा अर्चना कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। यहां दिनभर भजन कीर्तन का दौर जारी रहा। दिन में विशाल भंडारा आयोजित किया गया जिसमें राजीव नवोदय विद्यालय के बच्चों के अलावा यहां निर्माणाधीन कार्यों में लगे श्रमिकों ने भी प्रसाद स्वरूप भोजन ग्रहण किया। इस अवसर पर डिप्टी कमांडेंट अभिषेक मधुकर, सहायक सेनानी अनिल कुमार, मनमोहन सिंह, डा. एम फिलिप्स, गौरव कुमार, दिनेश बिष्ट, गोपाल वर्मा, ओम प्रकाश आदि थे।

